# डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, रायपुर, छ.ग.

## विशिष्ट कार्यो के संबंध में प्राचार्य द्वारा दिया गया प्रतिवेदन

## वर्ष 2019–20

1. **प्रवेश** – सत्रारंभ में महाविद्यालय में प्रवेश कार्य उच्च शिक्षा विभाग/विश्वविद्यालय के नियमानुसार किया गया। महाविद्यालय में कुल 1131 छात्राओं ने प्रवेश लिया।

2. **एन्टी रेगिंग समिति**– सत्रारंभ में ही अनुशासन समिति एवं एन्टी रैगिंग समिति का गठन कर लिया गया। आज दिनांक तक महाविद्यालय में किसी भी छात्रा की रैगिंग संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। महाविद्यालय में अनुशासन बना रहे इसके लिए बाहरी तत्वों का प्रवेश रोका गया। सुप्रीमकोर्ट की धारणा के अनुकूल उडनदस्ता तथा एंटी रैगिंग स्कैवड (ARS) का गठन संपन्न किया गया

3. **छात्रवृत्तियाँ**– पिछड़ा वर्ग की 170 छात्राएं, अनु. जाति 40 अनु.जनजाति की 24 छात्राओं, को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्तियां, 347 छात्राओं की बी.पी.एल छात्रवृत्ति 05 अल्पसंख्यक एवं 18 मेरिट कम पोस्ट मैट्रिक केन्द्रीय छात्रवृत्ति प्रदान की गयी है।

4. **प्रोत्साहन पुरस्कार**– महिला सेवा एवं कल्याण समिति रायपुर द्वारा कला एवं विज्ञान संकाय की सर्वाधिक अंक प्राप्त अंतिम वर्ष की छात्राओं को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।

5. **मेधावी छात्रा पुरस्कार योजना**– महाविद्यालय में यह योजना प्रारंभ की गई जिसमें विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्राओं, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी छात्रा, सर्वश्रेष्ठ एन.सी.सी कैडेट एवं सर्वश्रेष्ठ एन.एस.एस छात्रा को पुरस्कार दिए गए। यह पुरस्कार राशि दानदाताओं द्वारा दी गई। यह योजना अनवरत जारी रखी जाएगी। इस पुरस्कार योजना में समाज के गण मान्य नागरिकों के अलावा जनभागीदारी सदस्यों के द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया।

6. **शैक्षणिक कैलेन्डर** – सत्र् 2019–20 के लिए उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक कैलेण्डर घोषित किया गया। छात्राओं के सम्यक मूल्यांकन की व्यवस्था हेतु आंतरिक मूल्यांकन की परीक्षा का निर्देश है। महाविद्यालय द्वारा अकादमिक कैलेण्डर के निर्देशों का पूर्णतः पालन किया गया। 'प्रथम सत्र् परीक्षा', 'द्वितीय सत्र् परीक्षा', 'प्री फाइनल परीक्षा' ऑन लाइन प्लेटफार्म में महाविद्यालय

स्तर पर की गई। अंतिम परीक्षा वार्षिक परीक्षा की पूर्व तैयारी के सदृश्य कराई गई। इसके अतिरिक्त चार यूनिट टेस्ट मासिक लिए गए। महाविद्यालय में समस्त सातों परीक्षा आयोजित की गई ताकि छात्राएं अनवरत रूप से अध्ययनरत् रहें।

7. **खेलकूद–** छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के खेल केलेण्डर के अनुसार खेल विधाओं का आयोजन एवं प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने सेक्टर/राज्य/ एवं अंतर वि.वि. स्तर पर महाविद्यालय की छात्राओं निम्नानुसार भाग लिया।

1. कबड्डी – राज्य एवं ऑल इंडिया इंटर वि.वि. चयन कु. दामिनी कोमरा।
2. फुटबॉल – राज्य एवं ऑल इंडिया इंटर वि.वि. चयन कु. जयंती सागो एवं नीलम फूटान का चयन।
3. क्रिकेट – राज्य स्तरीय ट्रयल में माधुरी पनिका का चयन
4. एथेलेटिक – सेक्टर स्तरीय/राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 4 ग्लोड एवं 2 सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ राज्य स्तरीय चयन में कुमारी दामिनी एवं नीलम फूटान ने 01 गोल्ड, 01 सिल्वर एव 02 कास्य पदक प्राप्त किये।

5. वॉलबॉल – राज्य एवं ऑल इंडिया इंटर वि.वि. चयन कु. यामिनी यदूवंशी एवं प्रियकां सेन का चयन

6. स्वीमिंग – राज्य एवं ऑल इंडिया इंटर वि.वि. चयन कु सारा लोगन का चयन।
7. खो – खो – राज्य एवं ऑल इंडिया इंटर वि.वि. चयन कु. दामिनी कोमरा एवं कु कांति बघेल का चयन
8. सॉफ्ट बॉल – राज्य एवं ऑल इंडिया इंटर वि.वि. ट्रायल

महाविद्यालय के क्रीडा विभाग द्वारा छात्राओं को जागरूक एवं उत्साहवर्धन करने हेतु निम्नलिखित विधाओं का आयोजन किया

1. बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता
2. म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता
3. स्लो सायकल रेस प्रतियोगिता
4. रस्सीकूद प्रतियोगिता
5. हाउसी प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया।

महाविद्यालय द्वारा हर वर्ष की तरह ही वार्षिक खेल मीट का आयोजन किया गया जिसमें 100 मी रेस, 200 मी रेस 200 मी रेस, शार्टपूट एवं जावेलीन का आयोजन

किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया।

8. **एनएसएस–** सत्र 2019–20 में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा योगा दिवस, वृक्षारोपण एक कार्यकर्ता एक वृक्ष, एड्स जागरूकता कार्याक्रम के उपलब्ध पर रैली एवं 5 भागों में अलग – अलग स्थानों मे जाकर लोगो का एड्स के प्रति जागरूक किया, गांधी सप्ताह के तहत् तालाब कि सफाई निचली बस्तीयों में स्वच्छता कि जागरूकता एवं रैली का आयोजन, सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया तथा U-reporting के माध्यम से एन.एस.एस अधिकारी और छात्रओं को जोड़ा गया एवं बाल अधिकार की जानकारी प्रदान कि गयी। अंतराष्ट्रिय अदिवासी महोत्सव के उपलब्क्ष पर दो प्राध्यापक सहित 50 एन.एस.एस छात्राओं ने अपनी सहभागिता प्रदान कि।

9. **एनसीसी–** सत्र 2019 –20 एन.सी.सी की गतिविधियां महाविद्यालय कि छात्राओं ने एन.सी.सी बटालियन द्वारा आयोजित समय –समय पर 14 कैम्पों में भाग लिया एवं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन किया गया। तम्बाकु मुक्ति जागरूकता रैली, योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास, पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यान का आयोजन , वनमहोत्वस के अवसर पर महाविद्यालय में वृक्षारोपण, स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय परेड में प्रथम स्थान प्राप्त किया, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु जागरूता रैली, झंडा रैली, स्वच्छता जागरूकता रैली, एन.सी.सी दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन जिसमें 10 छात्राओं ने रक्त दान किया । बटालियन के द्वारा स्वच्छा रैली में महाविद्यालय कि छात्राओ कि सहभागिता रहीं, स्वच्छता एवं स्वास्थय विषय पर व्याख्यान एवं जागरूता रैली, राष्ट्रीय सद्भावना सप्ताह के तहत महाविद्यालय परिवार द्वारा एकत्रित 2200 रू दान राशि प्रेषित कि गयी, सार्वजनिक उद्यान कि स्वच्छता कार्यक्रम के आयोजन के तहत् तेलीबांधा तालाब परिसर मे स्थित उद्यान कि सफाई कर जागरूकता रैली निकाली गयी, मतदान जागरूकता व्यख्यान, यातायात सुरक्षा जागरूकता व्यख्यान एवं मानव श्रृखला का आयोजन, गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 10 छात्राओं ने पुलिस परेड ग्राउंड के परेड में प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंतराष्ट्रिय अदिवासी महोत्सव के उपलब्क्ष पर दो प्राध्यापक सहित 50 एन.एस. एस छात्राओं ने अपनी सहभागिता प्रदान कि।

10. **ग्रंथालय–** छात्राओं के संपूर्ण विकास के लिए महाविद्यालय में ग्रंथालय की व्यवस्था है, जिसमें विभिन्न मदों को

मिलाकर कुल 16750 पुस्तकें उपलब्ध हैं। इस सत्र् में शासन द्वारा प्राप्त आबंटन से ग्रंथालय में पुस्तकों की वृद्धि हुई है। महाविद्यालय में 3 समाचार पत्र, 8 पत्रिकाएं तथा 08 शोध पत्रिकाएं नियमित रूप से आती हैं जिनका उपयोग छात्राएँ, शोधार्थी एवं प्राध्यापक करते हैं। ग्रंथालय में लाइब्रेरी मेनेजर, साफ्ट वेयर के माध्यम से कार्य प्रारंभ, ।

11. **सांस्कृतिक गतिविधियाँ–** महाविद्यालय में छात्राओं की मौलिक एवं रचनात्मक क्षमताओं को विकसित करने हेतु सत्र भर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा। जिसमें व्यंजन प्रतियोगिता जिसमें सूजी के नमकीन एवं मीठे व्यंजनों के द्वारा छात्राओं ने अपनी पाक कला का प्रर्दशन किया, सलाद प्रतियोगिता मे 12 छात्राओं ने भाग लिया साथ ही साथ केश सज्जा, नेल आर्ट एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसी कम में छात्राओं कि गायन एवं नृत्य कौशल को प्रर्दशित करन के लिए एकल एवं समूह गान तथा एकल एवं समूह नृत्य कि प्रतियोगिता भी आयोजित कि गयी इन सभी प्रतियोगिताओं में छात्राओं कि उत्साहपूर्वक भागीदारी रही तथा महाविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कार्यलय कर्मचारियों का संपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

12. **साहित्यिक गतिविधियां–** साहित्यीक समिति के द्वारा31 जुलाई 2019 को महाविद्यालयीन छात्राओं के द्वारा प्रेमचंद जंयती के उपलक्ष्य में प्रेमचंद द्वार रचित कहानी सचाई का उपहार का नाट्य मंच किया गया। 14 सितंबर 19 से 21 सितंबर 19 तक हिन्दी दिवस कि उपलक्ष्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया 26 सितंबर 2019 साहित्य समिति के द्वारा गांधी जी 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में निबंध एवं भाषणप्रतियोगिता आयोजन किया गया, 17 जनवरी 2020 साहित्य समिति के द्वारा तात्कालिक भाषण एवं हिन्दी काव्य पाठ का आयोजन किया गया 30 जनवरी 2020 शैक्षणिक भ्रमण किया गया।

13. **सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता –** महाविद्यालय में दिनांक 14.09.2019 को स्वंतत्रा साग्रंम से संबंधित समान्य ज्ञान प्रतियोगिता,, दिनांक 30.09.2019` महात्मा गॉधी की 150 वीं जंयती पर GK दिनांक 16.11.2019 छ.ग. कि राजनीति पर्यटन व खेलकूद पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता दिनांक 17.01.2020 scienc subject पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता,तक मानसिक गणित की सीरीज, गणित विभाग द्वारा महाविद्यालय की समस्त छात्राओं के लिए आयोजित की गई।

सेल– सत्र 2019–20 में भी पिछले सत्र की भांति छात्राओं को स्वावलंबी बनाने व मार्गदर्शन किया गया।

15. **वार्षिक पुरस्कार वितरण–** वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के अन्तर्गत प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक एवं संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप नगद राशि एवं प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया, साथ स्नातक एवं स्नाकोत्तर स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली को सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार भी प्रदान किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री माननीय उमेश पटेल जी, अध्यक्ष माननीय बृजमोहन अग्रवाल जी विशिष्ठ अतिथि माननीय प्रमोद दुबे जी एवं सचिव उच्च शिक्षा श्री एस. के. जायसवाल जी उपस्थित थे। कार्यक्रम में दानदाता कमलेश जैन, श्रीमती जयलक्ष्मी ठाकुर पूर्व कुलपति बस्तर वि.वि. एवं अचंल के प्राचार्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

16. **छात्रसंध चुनाव –** को प. रविशंकर वि.वि. की अधिसूचना के तहत छात्रसंघ चुनाव सपंन्न हुआ। जिसके अन्तर्गत प्राविण्य सूची के आधार पर छात्रसंघ के पदाधिकारियों एवं कक्षाप्रतिनिधियों का मनोनयन किया गया। इसके साथ ही विभिन्न समितियों का गठन एवं शपथ दिलाई गयी किया गया।

17. **शोध गतिविधियाँ–** महाविद्यालय में अर्थशास्त्र एवं हिन्दी विभाग में शोधार्थी अध्ययनरत रहें।

18. **कार्यशाला व सेमीनार–** 28 एवं 29 फरवरी को प्राणी शास्त्र एवं 29 फरवरी एवं 01 मार्च 2020 को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न राज्यों से आये रिर्सोस पर्सशन द्वारा व्याख्यान एवं पी.पी. टी का प्रर्दशन दिया गया। जिसमें विभिन्न महाविद्यालय से आये छात्र – छात्राओं एवं शोधार्थी ने भागीदारी कि।

19. **सामाजिक गतिविधियाँः– सद्भावना कोष –** महाविद्यालय में सत्र 2009 से सद्भावना कोष की स्थापना की गई हैं जिसका उद्देश्य ऐसे छात्राओं की आर्थिक सहायता प्रदान करना जो अपने प्रवेश शुल्क, परीक्षा शुल्क एवं अध्ययनगत आवश्यक कार्यो को किसी आर्थिक कारणवश न कर पा रहे हो यह कोष महाविद्यालय के प्राध्यापक सहा. प्रध्यापक कर्मचारी एवं भूतपूर्व छात्राओं तथा प्राचार्य एवं अधिकारियों के दान द्वारा प्राप्त राशि से संचालित होता है।